## एक नजर में

### श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 10वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**बुरहानपुर।** श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुरहानपुर का 10 वी और 12 वी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वी में पवन भगवान दास शाह ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौरभ जगदीश भालेराव 84.8 प्रतिशत प्राप्त कर व्दितीय स्थान, कुमारी एकता गोपाल सराह 84.8 प्रतिशत एतेजेस पवन कदवाने ने 82 प्रतिशम प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में हर्ष गोपाल बारी ने 90.4 प्रतिशत विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्णा संजय ढगे ने कामर्स ग्रुप में 82.8 प्रतिशत प्राप्त कर व्दितीय स्थान प्राप्त किया, कुमारी अर्चना संजय पवार ने विज्ञान संकाय में 80.4 प्रतिशत प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर निमाड़ एज्युकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मुजुमदार, सचिव जगदीश वाढ़े और पदाधिकारियों, विद्यालय के प्राचार्य गोपाल सिंह मुझलदा, वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मण भल्लावी, दिनकर महमदपुरकर, नरेन्द्र जाधव ,श्रीमती माधवपुर कर, रुप कुमार रावल , सुनील शाह, दिलीप चावरे और समस्त स्टाफ़ आदि ने सभी छात्र.छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### श्रॉफ ज्वेलरी एंड जेम आसियान बैंकॉक में होंगे शामिल

**बुरहानपुर।** दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्रतिष्ठित आभूषण और रत्न व्यापार प्रदर्शनी,ज्वेलरी एंड जेम आसियान बैंकॉक जेजीएबी 2026 की घोषणा कर दी गई है। इंफॉर्मा मार्केट्स थाईलैंड द्वारा आयोजित यह भव्य आयोजन 22 से 25 अप्रैल 2026 तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के क्वीन सिरिकित नेशनल कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस आयोजन में शहर के प्रसिद्ध सराफा व्यापारी एवं एसो.के पुर्व अध्यक्ष संतोष श्रॉफ सपत्नीक भाग लेंगे।



चार दिवसीय इस बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनी में 50 से अधिक देशों के 1,000 से ज़्यादा प्रदर्शक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस व्यापार प्रदर्शनी में सोना,चाँदी,हीरे, रंगीन रत्न, मोती और लैब.ग्रोन डायमंड जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों सहित आभूषण और रत्न उद्योग से जुड़े उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। इसके अतिरिक्त,आभूषण निर्माण तकनीक से संबंधित नवीनतम नवाचारों और उपकरणों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। जेजीएबी 2026 के दौरान, आकर्षक फैशन शो, उद्योग विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत सेमिनार, नेटवर्किंग के अवसरों वाली नेटवर्किंग नाइट और उभरते युवा डिज़ाइनरों को मंच प्रदान करने वाली विशेष प्रदर्शनियाँ जैसे कई समानांतर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी व्यापारियों,खरीदारों और डिज़ाइनरों के लिए आसियान के आभूषण उद्योग से जुड़ने का एक अनमोल अवसर होता है।

### पुलिस ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल




**नेपानगर।** पुलिस ने एक घायल महिला की मदद की। दरअसल आजकल डायल 112 के माध्यम से घायल लोगों को तुरंत सहायता देने का काम भी किया जा रहा है। बुधवार को रतागढ में बाइक में साड़ी फंसने से एक बुजुर्ग महिला सरस्वती पति छुग्या बेलदार 75 साल गिर गई थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर डायल 112 एफ्आरवी 07 की टीम पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर ले जाया गया। इस सराहनीय कार्य में पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार ने डायल 112 कंट्रोल रूम में तैनात महिला आरक्षक रंजू वास्केल, एफआरवी 07 के स्टाफकांस्टेबल लालसिंह, प्रधान आरक्षक दिलीप, पायलट कैलाश राठौड़ के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की।

### शिव मंदिर से तांबे से निर्मित नाग बाबा की चोरी



**बुरहानपुर।** कल दोपहर लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर कसेरा बाजार भारत टॉकीज के पास स्थित शिव मंदिर से चोर ने शिवलिंग पर तांबे से निर्मित नाग बाबा को चोरी कर लिया था। जिसका विडिओ मंदिर समिति ने भेजा । उस विडिओ से अपराधी की पहचान कर सुबह जन मानस की तत्काल प्रभाव से सहयोग से चोर को पकड़कर सिटी कोतवाली बुरहानपुर पुलिस के हवाले किया गया। चोर को पकड़कर कार्यवाही करवाने मे महेशसिंह चौहान,अजित परदेशी,अजय भगत,हेमन्त श्रॉफ,राम रस्सीवाला, सुमित वर्मा आदी जन मानस ने सहयोग किया।

### मॉकड्रिल के जरिए बताए आग से सुरक्षा के उपाय



**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज . आग की रोकथाम के लिए एक साथ थीम पर दिनांक 16/04/2026 को जिला हॉस्पिटल,मेट्रो हॉस्पिटल में फायर से संबंधित ट्रेनिंग की गई है स नगर निगम द्वारा फायर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर आम जनता को सतर्क रहने के और बचाव के सुझाव दिए गए ।नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में 14 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत अस्पतालों में जागरूकता और मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा नर्सिंग होम और अस्पतालों के स्टाफ को आग से निपटनेए अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करने और सुरक्षित निकासी के तरीके सिखाए जा रहे हैं। फायर इंजीनियर फईम खान ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इन मार्क ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों को सुरक्षित अस्पताल के रूप में तैयार करना। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आग लगने पर प्राथमिक उपचार,फायर एक्सटिंग्विशर ;अग्नि शमन यंत्रद्ध का सही उपयोग और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की मॉक ड्रिल। जागरूकता इस वर्ष की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह अभियान विभिन्न स्थानों पर आम जनता और कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए सतर्क करने के लिए चलाया जा रहा है।

# डिजिटल जनगणना में भागीदारी कर लोगों को किया प्रेरित

## विधायक चिटनिस ने भरा स्व-गणना प्रपत्र

**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** जिले में गुरुवार से स्व.जनगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। गुरुवार को विधायक अर्चना चिटनिस ने स्व.गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर अपना प्रपत्र भरा। विधायक चिटनिस ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि महापर्व है।

देश में पहली बार जनगणना डिजिटल रूप में की जा रही है। जिससे प्राकृतिक संसाधनों एवं मानव श्रम की भी बचत हो रही है। वहीं नगर निगम महापौर माधुरी पटेल और अतुल पटेल ने स्व.गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर डिजिटल प्रक्रिया में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल जनगणना को अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



कलेक्टर हर्ष सिंह ने भी स्व.गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर अपना प्रपत्र भरा। साथ ही पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार और सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा ने भी स्व-गणना में भाग लेकर अपनी जानकारी दर्ज की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा कि जिले में स्व गणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। सभी नागरिक स्व गणना कर डिजिटल जनगणना को सफल बनाने में सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला है, जिसके माध्यम से भविष्य की योजनाएं तैयार की जाती हैं।



प्रदेश में 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व.गणना का कार्य होगा। वहीं एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। स्व.गणना जनगणना की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निवासी अपने परिवार संबंधी विवरण को स्वयं ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्ण करने में 15 से 20 मिनट का समय लग सकता है। सफलतापूर्वक प्रस्तुति के पश्चात एक विशिष्ट स्व.गणना पहचान संख्या एसई आईडी प्राप्त होती है।

जब जनगणना प्रगणक आपके घर आएए तो उन्हें अपनी एसई आईडी प्रदान करें। यदि एसई आईडी प्रगणक के मोबाइल में उपलब्ध किसी भी एसई आईडी से मेल खाती है, तो आपका स्व.गणना डेटा सत्यापित, स्वीकार एवं प्रस्तुत कर दिया जाएगा। यदि एसई आईडी का मिलान नहीं होता है, तो प्रगणक आपके परिवार की जानकारी पुनः एकत्र करेगा।

## एबीवीपी ने जीव जल कलश अभियान के अंतर्गत बांटे मिट्टी के सकोरे...



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत द्वारा चलाए जा रहे जीव जल कलश अभियान के अंतर्गत ब्रह्मपुर जिले के नेपानगर के महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए।

इस दौरान विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री कुशल वर्मा ने आव्हान किया कि गर्मियों में पानी की प्यास बुझाना सबसे बड़ी सेवा है, इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। इस दोरान नगर मंत्री कुशल वर्मा, सह मंत्री आर्यन चौहान, हिमांशु जंगले, महा विद्यालय प्रमुख शुभम शिंदे और यश चौधरी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब का जीवन गरीबों, एससी-एसटी के कल्याण को रहा समर्पित

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जीवनगाथा पर एक संगोष्ठी भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजीत की गई। इस संगोष्ठी का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन,भारत माता, स्व.डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दिनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुवा। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार, प्रदेश मंत्री एवं निमाड़ संभाग प्रभारी, अजा मोर्चा नितेश नरवले, भाजपा ज़िलाध्यक्ष मनोज माने, खंडवा पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह वर्मा, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव, बुरहानपुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटील ,भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार वाघ मंचासीन थे। अतिथि स्वागत उपस्थित मोर्चा पदाधिकारीयों द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार जी ने विस्तार से बताया कि भारत रत्न डॉ .भीमराव अंबेडकर प्रख्यात बैरिस्टर थे। बाबा साहब अपना पूरा जीवन गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोगों के हक के लिए के लिए पूरा जीवन समर्पित किया एवं उनके उत्थान के लिए काफी अच्छा कार्य किया उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने जो संविधान देश को दिया, वह हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान सुनिश्चित करता है। समाज में समरसता, न्याय और भाईचारे को मजबूत करना ही बाबा साहेब के विचारों का सच्चा अनुसरण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है तथा वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

भाजपा जिला कार्यालय बुरहानपुर में भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जीवनगाथा पर संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार जी सहित अतिथियों का बुरहानपुर आगमन पर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महेंद्र सिरतूरे, संतोष गवई, प्रमोद नाईके,अशोक गंवाई सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषक कल्याण वर्ष : प्राकृतिक हाट बाजार लगा, प्रोडक्ट की हुई बिक्री

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत जिले में प्रति गुरुवार को प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को राजस्थान भवन के पासए जैन मंदिर के सामने प्राकृतिक हाट बाजार लगाया गया। यहां किसानों द्वारा अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया गया।

उपसंचालक कृषि एम.एस. देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल किसानों एवं उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी है। प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को इस हाट बाजार के माध्यम से अपने उत्पादों के लिए सीधा मंच मिला है, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो रहा हैतथा विपणन की प्रक्रिया भी सरल हो रही है।



हाट बाजार में केला, पपीता, नींबू, खड़ी हल्दी, सफेद मक्का का आटा, अदरक पाउडर,टमाटर पाउडर, प्याज पाउडर, धनिया, कोथमीर पाउडर, करीपत्ता पाउडर, शलजम पाउडर, मोरिंगा टैबलेट सहित अन्य विविध उत्पाद उपलब्ध रहे। ये सभी उत्पाद रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से तैयार किए गए हैंए जो उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य विकल्प प्रदान कर रहे हैं। इस प्रकार के आयोजनों से जहां एक ओर किसानों की आय में वृद्धि हो रही हैए वहीं दूसरी ओर आमजन को स्वस्थ एवं शुद्ध खाद्य सामग्री प्राप्त हो रही है। आने वाले समय में इस हाट बाजार में और अधिक उत्पादों को शामिल कर इसे और व्यापक बनाने की योजना है।

## सृष्टि सेवा संकल्प की चिंतन बैठक




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पर्यावरण संरक्षण को युगधर्म मानकर कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन सृष्टि सेवा संकल्प की दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन बैठक बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन ने आगामी वर्ष अप्रैल 26 से मार्च 27 की वार्षिक कार्ययोजना का कैलेंडर जारी किया।जिसमें बुरहानपुर जिले के पदाधिकारी शामिल हुए। उज्जैन सिंहस्थ के लिए 5 विशेष संकल्पः संगठन ने सिंहस्थ 2028 को पूर्णतः इको.फ्रेंडली बनाने के लिए पांच स्तंभों पर कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके तहत देशभर से स्टील की बोतलें एकत्रित की जाएंगी ताकि कुंभ में प्लास्टिक कचरा कम हो।

**प्लास्टिक मुक्तिः**-सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी जन.जागरण चलाया जायेगा। **स्टील बॉटल बैंकः**- प्लास्टिक बोतलों के विकल्प के रूप में देशभर से स्टील की बोतलों का संग्रहण। **मेरा कचरा.मेरे साथः**- व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए कपड़े एवं विशेष बैग निर्माण अभियान। **सिंहस्थ स्मृति लघुवनः**- उज्जैन की पावन मिट्टी से देशभर में लघु वनों का निर्माण, **वॉटर बैंकः**- जल संरक्षण हेतु समाज को प्रेरित करना और शासन को रचनात्मक सुझाव देना।

**वर्ष भर होंगे रचनात्मक आयोजनः**-अप्रैल से जूनरू जिला स्तरीय बैठकें, पर्यावरण संवाद और बच्चों के लिए विशेष समर कैंप आयोजित होंगे। साथ ही जून में शिसंहस्थ स्मृति लघुवनश् हेतु स्थान चयन और उज्जैन की पवित्र मिट्टी का पूजन किया जाएगा। जुलाई से सितंबर 7 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके साथ ही 1.7 जुलाई तक लघुवन निर्माण का महाअभियान चलेगा। अगस्त में वृक्ष रक्षाबंधन और सितंबर में सदस्यता अभियान के साथ वनसंचार कार्यक्रम होंगे। अक्टूबर से दिसंबर कार्यकर्ताओं के तकनीकी कौशल हेतु नर्सरी प्रशिक्षण, दीपावली पर श्वृक्ष दीपावली उत्सव और दिसंबर में रायपुर छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय अधिवेशन का आयोजन होगा। जनवरी से मार्च युवा दिवस पर मैराथन,हैकथॉन और युवा संसद जैसे कार्यक्रम होंगे।

## शिक्षा समिति अध्यक्ष सिंह ने किया विद्यालय के होनहार छात्रों का सम्मान

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** शहर की अंग्रेजी माध्यम की प्रसिद्ध संस्था सेवासदन स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम देकर संस्थाए शहर व जिले का नाम गौरवांवित किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने 15 अप्रैल बुधवार को हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित किया।

इसमें जिला प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान कु. हुमेरानूर अंसारी एवं शाला में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सेवा सदन शिक्षा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। शाला में कक्षा 10वीं के कु. हुमेरानूर अंसारी 97.8 प्रतिशत, यश लक्कड़ 96.8 प्रतिशत, इफ्फत फातिमा अंसारी 96.2 प्रतिशत, याशिका जैसवाल 96 प्रतिशतए मोहित चौहान 95 प्रतिशत, दिप्ती भगत 94.2 प्रतिशत, अमन शुक्ला 93.2 प्रतिशत,



प्रियांश सोधा 93.2 प्रतिशत,सोबीया फातेमा 92.6 प्रतिशत, पार्थ पाटील 91.6 प्रतिशत ने अंक प्राप्त कर शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गौरी फेंगडे 94.4 प्रतिशत, दीक्षा वारूडे 90.2 प्रतिशत, लोकेश माने 89.4 प्रतिशत, निधि कामरानी 89 प्रतिशत, पीयुश मिसाल 88.8 प्रतिशत, डिम्पल पाटील 87 प्रतिशत, सुयश पाटील 86.2 प्रतिशत, पारस पवार 85.4 प्रतिशत, स्नेहा गुमनानी 85.4 प्रतिशत, उमेदा पिंजारी 84.8 प्रतिशत ने अंक प्राप्त किए।

सेवा सदन शिक्षा समिति अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं नियमित अभ्यास सदैव सफलता की कुंजी है। सिंह नें सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि स्व अनुशासित रहकर हम जीवन में हमेशा प्रगति कर सकते है। आपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों से अपने अनुभवों को अन्य विद्यार्थियों से साझा करने का सुझाव दिया। सफलता के लिए शिक्षक, छात्र और माता पिता बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर सेवासदन शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष जयंतीलाल सोमैय्या, सुरेशचंद्र मुंशी, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, सहसचिव के.डी.पटेल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लाड, समस्त कार्यकारिणी सदस्य, शाला प्राचार्य डॉ.हर्षद दीक्षित, जीएनटी प्रधानाध्यापिका श्रीमती नेहा चौधरी एवं शाला के समस्त स्टाफने विद्यार्थियों और पालकों को बधाई प्रेषित की है।

**एक नजर** — विधायक अर्चना चिटनिस का शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र पर आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश...

## हर डॉक्टर और स्टाफकर्मी का दायित्व है कि मरीजों के साथ विनम्रता के साथ आए पेश

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर जिले के शाहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, सफाई, चिकित्सकीय सेवाओं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के लिए स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान चिटनिस ने अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीयता एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का स्थान होता है। इसलिए प्रत्येक डॉक्टर एवं स्टाफ का दायित्व है कि वह मरीजों के साथ विनम्रता और सहानुभूति के साथ पेश आए। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन स्वच्छता की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

चिटनिस ने डॉक्टरों एवं समस्त स्टाफ को अपनी ड्यूटी नियमित रूप से एवं समयबद्ध तरीके से निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में समय पर चिकित्सक और स्टाफकी उपलब्धता अत्यंत आवश्यक हैए ताकि मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल में औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक दवाइयों की कमी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। मरीजों को सभी जरूरी दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध होंए इसके लिए दवा स्टॉक का नियमित निरीक्षण और प्रबंधन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु वॉटर कूलर एवं आरओ सिस्टम शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिए, साथ ही तत्काल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रति सप्ताह विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओपीडी नियमित रूप से संचालित की जाए, साथ ही माह में दो दिन मनोवैज्ञानिक चिकित्सक की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रूप से अन्य स्थानों पर रेफर किए जाने पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए और कहा कि अधिकतम सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएंए जिससे मरीजों को परेशानी न हो।

विधायक अर्चना चिटनिस ने आयुष चिकित्सक की नियुक्ति करने की बात भी कहीए ताकि मरीजों को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ भी मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्षम बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज या किसी प्रतिष्ठित संस्था से एमओयू किया जाएगा,जिससे विशेषज्ञ सेवाएं और बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सर्वसुविधायुक्त श्साइंस हाउसश् के माध्यम से अस्पताल में आधुनिक पैथोलॉजी लैब की शुरुआत की जाएगी। जिससे मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी ने नगर परिषद द्वारा पोस्टमार्टम कक्ष के निर्माण कार्य करने की घोषणा कीए जिस पर श्रीमती चिटनिस ने इसे प्राथमिकता से पूर्ण कराने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में दंत चिकित्सक की ओपीडी प्रारंभ करनेए डॉक्टरों के रहने के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्टाफकी कमी को शीघ्र दूर करने के संबंध में भी अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

चिटनिस के साथ शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेन्द्र वर्मा, सीएस डॉ.दर्पण टोके,गौरव थावानी, रवि जैन, आकाश राखुंडे, विठ्ठल किरोचे, निलेश राठौर सहित संबंधित अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। चिटनिस ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।